कार्यालय, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी॰टी॰नगर, भोपाल

कमांक/प्रशासन/भंडार/आविभो/103/2026 भोपाल, दिनांक 11/06/2026

# Tender Document
# Technical-Cum-Commercial Bid

1. आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.टी. नगर भोपाल में उपलब्ध तीन भवनों, सभागृह, प्रयोगशालाओं, स्टॉफ रूमों, पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैबों एवं अन्य विशाल परिसर में सफाई कार्यों लगभग 2275 छात्र संख्या, 150 शिक्षकीय कर्मचारी स्टॉफ की पेयजल व्यवस्था, मंडल परीक्षा समन्वय कार्यों के दृष्टिगत उपस्थित अधि./शिक्षकों/कर्म./परीक्षार्थीयों की पेयजल व्यवस्था, बागवानी गार्डनों, गमलों, मुख्य ग्राउंड क्यारियों में पानी का छिडकाव कर्मचारी क्वाटर्स में पानी की सप्लायी एवं अन्य पानी व्यवस्थाओं में पानी की पूर्ति हेतु 3000–5000–9000–12000 लीटर स्वच्छ पेयजल वॉटर टेंकर व्यवस्था हेतु वार्षिक दरें स्वीकृति हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।

2. आदर्श विद्यालय भोपाल में पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायी कार्य सेवाऐं संतोषजनक पायी जाती है। तो समान शर्तों और सेवा शुल्क पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति अथवा नवीन रूप से दरें स्वीकृत होने अधिकतम रूप से पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायी सेवाऐं आगामी 02 माह की अवधि हेतु बढायी जा सकती है।

3. यह आमंत्रण ऐसे पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायर्स और व्यक्तियों के लिए खुला है, जिनके पास वॉटर टेंकर सप्लायी के क्षेत्र में निम्नतम 02 वर्ष का अनुभव है। एवं वर्तमान में म.प्र. के किसी उपक्रम, शिक्षण संस्थान एवं व्यवसायिक संस्था को अनुबंध पर वॉटर टेंकर सप्लायी सेवाऐं प्रदान कर रहा है।

4. कोटेशनों में उल्लेखित दर पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायी फर्मों के चयन के लिए एकमात्र मापदंड नहीं है। ऐसी फर्मों द्वारा प्रस्तुत निविदाऐं जिनके पास 02 वर्ष का अनुभव नहीं है। उन पर विचार नहीं किया जावेगा। एवं उनकी निविदाऐं अस्वीकार कर दी जावेगी।

5. पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायी हेतु निविदा फार्म में उल्लेखित लीटर केपेसिटी में ही दरें अंकित कर प्रदान करना होगी।

6. पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायी फर्मों को निर्धारित टेन्डर फार्म दिनांक 12/06/2026 से 25/06/2026 तक कार्यालयीन समय अपरान्ह 12:00 से 03:00. बजे तक विद्यालय वेबसाईट में उल्लेखित शुल्क राशि पर प्राप्त करना होगा। एवं पेयजल वॉटर टेंकर वार्षिक दरें स्वीकृति हेतु दरें प्रदान करना होगी।

6. पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायी फर्मों से प्राप्त निविदाऐं दिनांक 25/06/2026 को अपरान्ह 04:30 बजे सार्वजनिक रूप से विद्यालय कक्ष में प्राचार्य महोदया, समिति सदस्यों एवं पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायर्स/प्रतिनिधियों/प्रोपराईटर्स की उपस्थिति में खोली जावेगी।

7. पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायी हेतु संबंधित फर्मों को चाहे गए निविदा फार्म, सह 20,000/– अर्नेस्ट मनी धनादेश/बैंक ओवर ड्राप्ट/नगद/बैंक गारण्टी के रूप में जमा

करना होगी। दरें मान्य न होने की स्थिति में जमा अर्नेस्ट मनी 15 दिवस के भीतर संबंधित वॉटर टेंकर सप्लायर्स विक्रेता फर्मों को लौटा दी जावेगी।

8. पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायी सेवाऐं अवधि दिनांक 01/07/2026 से 30/06/2027 के लिए प्रभावशील होगी। एवं सेवाऐं संतोषप्रद पाए जाने व आपसी सहमति पर आगामी 02 माह तक कार्य सेवाओं में वृद्वि की जा सकेगी।

9. जिस पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायर्स विक्रेता/फर्म की दरें मान्य होती है। उनके द्वारा जमा अर्नेस्ट मनी राशि रू. 20,000/— सुरक्षा निधि के रूप में सेवा अवधि तक विद्यालय में जमा रहेगी। स्वीकृत सेवा अवधि के मध्य में सेवाऐं संबंधित फर्मों की और से प्रभावित करने पर जमा सुरक्षा निधि राशि राजसात् कर ली जावेगी।

10. जिन फर्मों द्वारा निविदा में भाग लिया जावेगा उन फर्मों के लिए Gem Portal पर वैद्य रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। एवं इससे संबंधित अभिलेखों की छायाप्रति विद्यालय में जमा करनी होगी।

11. प्रस्तुत की जा रही दरें Gem Portal की दरों के समकक्ष अथवा उनसे कम होगी।

12. पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायी फर्मों को भुगतान स्वीकृत मान्य दरों पर प्रतिमाह वॉटर टेंकर प्राप्ति पंजी प्राचार्य, समिति के प्रमाणित उपरांत नियमानुसार समयसीमा में की जावेगी।

13. पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायी आदेशित में दायित्वों का समयसीमा में निर्वहन न किए जाने पर पेयजल वॉटर टेंकर सप्लायी सेवाऐं समाप्ति का प्राचार्य को विशेषाधिकार होगा।

| | |
|---|---|
| उपप्राचार्य<br>आदर्श उ. मा. विद्यालय<br>टी. टी. नगर भोपाल | प्राचार्य<br>आदर्श उ. मा. विद्यालय<br>टी. टी. नगर भोपाल |